पांचवां, मिसाइल, ड्रोन और प्रॉक्सी का संयुक्त मॉडल ही ईरानी सफलता का सूत्र है, क्योंकि ईरान ने केवल अपनी सेना पर निर्भर रहने के बजाय क्षेत्रीय नेटवर्क तैयार किया–हिजबुल्लाह, हूती और अन्य सहयोगी समूहों के माध्यम से उसने बहु-स्तरीय दबाव बनाया। यह “Hybrid Warfare” का आधुनिक मॉडल है।

छठा, समुद्री मार्गों पर नियंत्रण की शक्ति विकसित करके आक्रमणकारियों को तोड़ना ईरानी दूरदर्शिता का ही तकाजा है, क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का प्रभाव पूरी दुनिया की ऊर्जा सुरक्षा को प्रभावित करता है। इसी कारण अमेरिका और पश्चिम लगातार उस क्षेत्र में सैन्य उपस्थिति बढ़ाते रहे हैं। इससे यह सिद्ध होता है–'भूगोल भी उतना ही बड़ा हथियार है जितना मिसाइल।'

सातवां, तकनीकी युद्ध में सस्ता हथियार भी निर्णायक होता है, यह ईरान ने साबित कर दिया है। ईरान ने दिखाया कि हर युद्ध अत्याधुनिक स्टील्थ फाइटर से नहीं जीता जाता। कभी-कभी सस्ती, तेज और बड़ी संख्या में उपलब्ध तकनीक अधिक प्रभावी होती है।

निष्कर्षतः ईरान की तैयारी गैर इस्लामिक दुनिया को यह सिखाती है कि आधुनिक युद्ध केवल परमाणु बम या महंगे लड़ाकू विमानों से नहीं लड़े जाते। आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन, ड्रोन तकनीक, मिसाइल क्षमता, साइबर-रणनीति, वैकल्पिक नेतृत्व और मनोवैज्ञानिक युद्ध–ये सब मिलकर किसी राष्ट्र को सामरिक शक्ति बनाते हैं। इसीलिए आज अमेरिका, इजराइल, रूस, चीन और भारत समेत दुनिया की बड़ी सैन्य शक्तियां भी 'ईरानी मॉडल' का गंभीर अध्ययन कर रही हैं।

एक बात और, ईरान के सामरिक मॉडल से भारत के लिए सबसे बड़ा सबक यह है कि केवल पारंपरिक सैन्य शक्ति पर्याप्त नहीं होती; दीर्घकालिक सुरक्षा के लिए 'बहुस्तरीय राष्ट्रीय प्रतिरोध क्षमता' विकसित करनी पड़ती है। विशेषकर तब, जब भारत को दशकों से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद, कट्टरपंथ और चीन-पाकिस्तान जैसे सामरिक गठबंधनों का सामना करना पड़ रहा हो।

हालांकि यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि 'इस्लामिक देश' एक समान इकाई नहीं हैं। भारत के कई इस्लामी देशों–जैसे संयुक्त अरब अमीरात (UAE), सऊदी अरब, इंडोनेशिया और कतर–से मजबूत रणनीतिक और आर्थिक संबंध हैं। भारत की मुख्य सुरक्षा चुनौती कुछ कट्टरपंथी नेटवर्क, आतंकवादी संरचनाओं और शत्रुतापूर्ण राज्य-नीतियों से रही है, न कि सम्पूर्ण इस्लामी विश्व से।

भारत के लिए प्रमुख सबक इस प्रकार हैं–

पहला, आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन ही निर्णायक सुरक्षाः ईरान ने प्रतिबंधों के बावजूद अपने ड्रोन, मिसाइल और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध तंत्र विकसित किए। भारत के लिए इसका अर्थ है कि विदेशी हथियारों पर अत्यधिक निर्भरता घटानी होगी। 'आत्मनिर्भर भारत' को केवल नारा नहीं, बल्कि युद्धकालीन औद्योगिक क्षमता बनाना होगा।

दूसरा, सस्ते ड्रोन बनाम महंगी सुरक्षाः ईरान ने दिखाया कि कम लागत वाले ड्रोन भी महंगी एयर डिफेंस प्रणाली को चुनौती दे सकते हैं। भारत को सीमा सुरक्षा, आतंकवाद-रोधी अभियानों और समुद्री निगरानी के लिए बड़े पैमाने पर स्वदेशी ड्रोन नेटवर्क बनाना होगा।

तीसरा, 'मोजेक डिफेंस' मॉडलः ईरान की विकेंद्रीकृत सैन्य संरचना–जहां शीर्ष नेतृत्व पर हमला होने के बाद भी स्थानीय इकाइयाँ लड़ती रहती हैं–भारत के लिए महत्वपूर्ण संकेत है। भारत को भी साइबर, सीमा, वायु और समुद्री मोर्चों पर ऐसी बहुस्तरीय कमांड संरचना विकसित करनी होगी जो अचानक हमले में भी सक्रिय रहे।

चौथा, केवल सीमा नहीं, 'मनोवैज्ञानिक युद्ध' भीः आधुनिक संघर्ष अब केवल बंदूक और मिसाइल का नहीं, बल्कि सूचना और नैरेटिव का भी है। भारत को फेक न्यूज, साइबर-प्रोपेगेंडा और धार्मिक कट्टरता आधारित डिजिटल अभियानों से निपटने के लिए राष्ट्रीय सूचना सुरक्षा ढांचा मजबूत करना होगा।

पांचवां, लंबी लड़ाई की तैयारीः ईरान ने दिखाया कि “War of Attrition” यानी विरोधी को धीरे-धीरे थकाना भी रणनीति हो सकती है। भारत को सीमित अवधि के युद्ध की सोच से आगे जाकर लंबे संघर्ष, आपूर्ति श्रृंखला और गोला-बारूद भंडारण की तैयारी करनी होगी।

छठा, ऊर्जा सुरक्षा भी राष्ट्रीय सुरक्षा हैः यदि पश्चिम एशिया में बड़ा युद्ध होता है, तो भारत की तेल आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। इसलिए सामरिक तेल भंडार, वैकल्पिक ऊर्जा और समुद्री मार्ग सुरक्षा भारत के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

सातवां, 'संयुक्त युद्ध' की तैयारीः आज युद्ध भूमि, समुद्र और आकाश तक सीमित नहीं है; साइबर, स्पेस और इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र भी युद्धक्षेत्र बन चुके हैं। भारत को थिएटर कमांड, AI आधारित निगरानी और संयुक्त सैन्य संचालन को तेज करना होगा।

आठवां, राष्ट्रीय एकता सबसे बड़ी सुरक्षाः ईरान के उदाहरण से यह भी स्पष्ट हुआ कि बाहरी दबाव के समय आंतरिक सामाजिक एकता निर्णायक होती है। भारत जैसे विविधतापूर्ण राष्ट्र में सांप्रदायिक विभाजन, राजनीतिक ध्रुवीकरण और सामाजिक अविश्वास राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर कर सकते हैं।

निष्कर्षतया यह कहा जा सकता है कि भारत के लिए सबसे बड़ा सबक यह है कि भविष्य का युद्ध केवल सेना नहीं, बल्कि पूरा राष्ट्र लड़ता है–तकनीक, अर्थव्यवस्था, साइबर क्षमता, ऊर्जा सुरक्षा, सामाजिक एकता और मनोवैज्ञानिक दृढ़ता–सब मिलकर राष्ट्रीय शक्ति बनाते हैं। ईरान ने दुनिया को यह दिखाया कि सीमित संसाधनों वाला राष्ट्र भी यदि आत्मनिर्भर, संगठित और रणनीतिक रूप से धैर्यवान हो, तो वह कहीं बड़ी शक्तियों को भी लंबे समय तक चुनौती दे सकता है।

## संपादकीय

### शोर का न ओर-छोर

यूं तो हाल के वर्षों में आम भारतीय की अभिव्यक्ति में तल्खी व शोर का ग्राफ तेज हुआ है। अभिव्यक्ति का मुखर होना अच्छा है लेकिन उसका तल्ख होना, किसी की भी सेहत के लिए अच्छा नहीं है। वैसे हमारे परिवेश में लगातार बढ़ता शोर झेलना हमारी नियति हो चला है। सड़कों पर वाहनों के शोर, नये दौर के कर्कश संगीत से लेकर राजनीतिक विमर्श में होने वाले शोरगुल वाले संवाद से लेकर तमाम ऐसा कुछ घट रहा है, जो हमारी परेशानी का सबब बन रहा है। यूं तो कोई प्रमाणिक राष्ट्रव्यापी वैज्ञानिक शोध व्यापक रूप में हमारे सामने तो नहीं आए हैं जो ठीक-ठीक बताएं कि ध्वनि प्रदूषण हमारी सेहत पर कितना घातक असर डाल रहा है। लेकिन गाहे-बगाहे सामने आए आंकड़े इस बात की पुष्टि जरूर करते हैं कि लगातार बढ़ता शोर हमारी सेहत बिगाड़ रहा है। लेकिन इसके बावजूद इसे रोकने के लिए उचित निगरानी, समयबद्ध कार्रवाई और दंड के प्रावधान लागू होते नजर नहीं आते हैं। लेकिन विभिन्न अध्ययनों के निष्कर्ष बता रहे हैं देश के महानगरों से लेकर कस्बों तक हमारे परिवेश का शोर तय मानकों से कहीं अधिक है। जाहिरा तौर ये शोर हमारी सेहत को गहरे तक प्रभावित कर रहा है। जिससे न केवल हमारी श्रवण शक्ति कमजोर हो रही है बल्कि नींद में कमी, मानसिक तनाव, उच्च रक्तचाप के अलावा हृदय रोग तक का खतरा बढ़ रहा है। लेकिन इस दिशा में कागजों में तो लुभावनी योजनाएं तो बनायी जाती हैं लेकिन जमीनी हकीकत बदलती नजर नहीं आती। यह सुखद है कि पिछले दिनों देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इस दिशा में नई पहल शुरू की गई है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया आरंभ की है। दावा किया जा रहा है कि प्रदूषण के स्त्रोतों की कायदे से निगरानी होगी। इसके अलावा समयबद्ध ढंग से कार्रवाई होगी। साथ ही जुमार्ना भी अनिवार्य रूप से वसूला जाएगा। ये तो आने वाला वक्त बताएगा कि अच्छी योजना कितनी जमीनी हकीकत बनती है। लेकिन सवाल यह है कि जब देश में पहले से शोर नियंत्रण के कानून मौजूद हैं और हमारी अदालतें भी समय-समय पर हमारे नीति नियंताओं को आगाह करती ही रहती हैं, तो फिर सूरत क्यों नहीं बदलती। आखिर इन नियम-कानूनों के क्रियान्वयन में कहां खोट रह जाता है। यहां यह उल्लेखनीय है कि ध्वनि प्रदूषण विनियमन और नियंत्रण नियम, 2000 के तहत ध्वनि विस्तारक यंत्रों, निर्माण कार्यों और उद्योगों में इस्तेमाल की जाने वाली मशीनों, वाहनों के हार्न आदि अन्य स्त्रोतों को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया था। ताकि लोगों के स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा हो पाए। उल्लेखनीय है कि ये प्रावधान दिन व रात के लिये अलग-अलग हैं।

## चिंतन-मनन

### राजा की उदारता


राजा भोज के नगर में एक विद्वान ब्राह्मण रहते थे। एक दिन गरीबी से परेशान होकर उन्होंने राजभवन में चोरी करने का निश्चय किया। रात में वे वहां पहुंचे। सभी लोग सो रहे थे। सिपाहियों की नजरों से बचते हुए वह राजा के कक्ष तक पहुंच गए। स्वर्ण, रत्न, बहुमूल्य पात्र इधर-उधर पड़े थे। किंतु वे जो भी वस्तु उठाने का विचार करते, उनका शास्त्र ज्ञान उन्हें रोक देता। ब्राह्मण ने जैसे ही स्वर्ण राशि उठाने का विचार किया, मन में स्थित शास्त्र ने कहा- स्वर्ण चोर नर्पगामी होता है। जो भी वे लेना चाहते, उसी की चोरी को पाप बताने वाले वाक्य उनकी स्मृति में जाग उठते। रात बीत गई पर वे चोरी नहीं कर पाए। सुबह पकड़े जाने के भय से ब्राह्मण राजा के पलंग के नीचे छिप गए। महाराज के जागने पर रानियां व दासियां उनके अभिवादन हेतु प्रस्तुत हुईं। राजा भोज के मुंह से किसी श्लोक की तीन पंक्तियां निकली। फिर अचानक वे रुक गए। शायद चौथी पंक्ति उन्हें याद नहीं आ रही थी। विद्वान ब्राह्मण से रहा नहीं गया। चौथी पंक्ति उन्होंने पूर्ण की।

महाराज चौंके और ब्राह्मण को बाहर निकलने को कहा। जब ब्राह्मण से भोज ने चोरी न करने का कारण पूछा तो वे बोले- राजन्, मेरा शाछ्रा ज्ञान मुझे रोकता रहा। उसी ने मेरी धर्म रक्षा की। राजा बोले- सत्य है कि ज्ञान उचित-अनुचित का बोध कराता है, जिसका धर्म संकट के क्षणों में उपयोग कर उचित राह पाई जा सकती है। राजा ने ब्राह्मण को प्रचुर धन देकर सदा के लिए उनकी निर्धनता दूर की दी।

## स्वतंत्र मीडिया लोकतंत्र की सेहत का आईना



सौरभ वार्ष्णेय



प्रत्येक वर्ष 3 मई को पूरे विश्व में प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है। यह केवल एक औपचारिक अवसर नहीं, बल्कि लोकतंत्र की सेहत का आईना है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भीक मीडिया किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। प्रेस की आजादी सिर्फ पत्रकारों का अधिकार नहीं, बल्कि नागरिकों के जानने के अधिकार का विस्तार है। वहीं रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स द्वारा जारी 2026 विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत 180 देशों में 157 वें स्थान पर है। पिछले वर्ष (2025) के 151वें स्थान की तुलना में यह छह पायदान की गिरावट है। भारत में पत्रकारों के खिलाफ हिंसा, मीडिया के केंद्रीकृत स्वामित्व और राजनीतिक दबाव के कारण यह रैंकिंग बेहद गंभीर श्रेणी में है।

आज जब दुनिया तेजी से डिजिटल होती जा रही है, सूचना का प्रवाह पहले से कहीं अधिक तेज और व्यापक हो गया है। लेकिन इसी के साथ प्रेस की स्वतंत्रता पर नए प्रकार के खतरे भी मंडरा रहे हैं। फेक न्यूज, ट्रोल संस्कृति, सत्ता का दबाव, कॉरपोरेट हितों का प्रभाव और पत्रकारों की सुरक्षा जैसे मुद्दे गंभीर चुनौती बनकर उभरे हैं। कई देशों में पत्रकारों को सच्चाई उजागर करने की कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ती है–यह स्थिति किसी भी सभ्य समाज के लिए चिंताजनक है।

भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। यहां प्रेस न केवल सत्ता की निगरानी करता है, बल्कि समाज के हाशिए पर खड़े लोगों की आवाज भी बनता है। हालांकि, हाल के वर्षों में यह बहस तेज हुई है कि क्या मीडिया अपनी स्वतंत्रता और निष्पक्षता को बनाए रखने में पूरी तरह सफल है? गोडी मीडिया जैसे शब्दों का प्रचलन इस चिंता को दशार्ता है कि कहीं न कहीं मीडिया का एक वर्ग सत्ता के अधिक निकट जाता दिख रहा है।

प्रेस की स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं कि वह बिना जिम्मेदारी के कार्य करे। स्वतंत्रता के साथ जवाबदेही भी जुड़ी होती है। पत्रकारिता का मूल धर्म सत्य की खोज, तथ्यों की पुष्टि और निष्पक्ष प्रस्तुति है। जब मीडिया सनसनीखेजता या पक्षपात की ओर झुकता है, तो वह अपने ही अस्तित्व को कमजोर करता है।

इस अवसर पर सरकारों की जिम्मेदारी है कि वे पत्रकारों को सुरक्षित और स्वतंत्र वातावरण प्रदान करें, जहां वे बिना भय के अपना कार्य कर सकें। वहीं, मीडिया संस्थानों को भी आत्ममंथन करना होगा कि वे व्यावसायिक दबावों से ऊपर उठकर जनहित को प्राथमिकता दें। लोकतंत्र को जीवित रखना है, तो उसकी आवाज को स्वतंत्र रखना ही होगा। यह केवल एक विचार नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था का मूल सिद्धांत है। लोकतंत्र किसी भवन की तरह है, जिसकी नींव जनता की भागीदारी और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर टिकी होती है। यदि इस अभिव्यक्ति पर अंकुश लगाया जाए, तो लोकतंत्र का ढांचा धीरे-धीरे कमजोर होने लगता है। स्वतंत्र आवाज केवल मीडिया तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक के विचार, प्रश्न और असहमति को व्यक्त करने के अधिकार का प्रतीक है। जब नागरिक बिना भय के अपनी बात कह पाते हैं, तभी सरकारें जवाबदेह बनती हैं और नीतियों में पारदर्शिता आती है। इसके विपरीत, जब आवाजों को दबाया जाता है, तो सत्ता निरंकुशता की ओर बढ? लगती है।आज के समय में यह चुनौती और भी जटिल हो गई है। एक ओर डिजिटल प्लेटफॉर्म ने अभिव्यक्ति के नए अवसर दिए हैं, वहीं दूसरी ओर दुष्प्रचार, ट्रोलिंग और सेंसरशिप जैसी प्रवृत्तियां भी सामने आई हैं। ऐसे में संतुलन बनाना आवश्यक है–जहां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बनी रहे, वहीं जिम्मेदारी और सत्यनिष्ठा भी सुनिश्चित हो।लोकतंत्र केवल चुनावों तक सीमित नहीं होता; यह निरंतर संवाद, आलोचना और विचार-विमर्श की प्रक्रिया है। इसलिए जरूरी है कि हम न केवल अपनी आवाज को स्वतंत्र रखें, बल्कि दूसरों की आवाज को सुनने और सम्मान देने की संस्कृति भी विकसित करें। लोकतंत्र की मजबूती इस बात पर निर्भर करती है कि उसकी आवाज कितनी स्वतंत्र, निष्पक्ष और सशक्त है। यदि यह आवाज जीवित और निर्भीक है, तो लोकतंत्र भी जीवित और सशक्त रहेगा।

प्रेस की स्वतंत्रता केवल कानूनों से नहीं, बल्कि समाज की जागरूकता और समर्थन से भी सुरक्षित रहती है। जब नागरिक सच को महत्व देंगे और निष्पक्ष पत्रकारिता का साथ देंगे, तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस हमें यही संदेश देता है–अगर लोकतंत्र को जीवित रखना है, तो उसकी आवाज को स्वतंत्र रखना ही होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक, राजनीतिक विचारक है। यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## अर्बन हीट आइलैंड का असरः क्यों तप रहे हैं भारत के शहर



सुनील कुमार महला



भारतः100 में 95 शहर सबसे गर्म...

ग्लोबल वार्मिंग आज पूरी दुनिया के सामने एक गंभीर समस्या के रूप में उभर रही है और इसका प्रभाव भारत में बेहद स्पष्ट और चिंताजनक रूप से दिखाई दे रहा है। हाल ही में जारी रियल-टाइम वैश्विक तापमान रैंकिंग के अनुसार, दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों में से 95 शहर अकेले भारत के हैं, जबकि टॉप-20 सबसे गर्म शहरों में 19 भारत के ही शामिल हैं। यह स्थिति बताती है कि देश इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अप्रैल माह में ही देश के कई हिस्सों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है और मध्य भारत से लेकर गंगा के मैदानी क्षेत्रों तक अनेक शहरों में लू का प्रकोप देखने को मिल रहा है। कई स्थानों पर तापमान 45त्उ के करीब दर्ज किया गया है। इस सूची में केवल बड़े महानगर ही नहीं, बल्कि छोटे कस्बे भी शामिल हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि गर्मी का प्रभाव व्यापक और गहराई तक फैल चुका है। महाराष्ट्र, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और ओडिशा जैसे राज्य सबसे अधिक प्रभावित हैं, जहां के कई शहर वैश्विक सूची में प्रमुखता से दर्ज हैं। मौसम संबंधी रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत का लगभग 55 प्रतिशत हिस्सा इस समय हाई हीट रिस्क जोन में है, जबकि सामान्यतः अफ्रीका और अरब देशों को दुनिया का सबसे गर्म क्षेत्र माना जाता था, लेकिन अब भारत के शहर उन्हें भी पीछे छोड़ते नजर आ रहे हैं।

वास्तव में आज के समय में भारत के शहर तेजी से अर्बन हीट आइलैंड में बदलते जा रहे हैं, जहां कंक्रीट, डामर और कांच से बनी इमारतें दिनभर गर्मी को सोखती हैं और रात में धीरे-धीरे छोड़ती हैं, जिससे तापमान कम नहीं हो पाता। मुंबई, दिल्ली, गुरुग्राम, लखनऊ, कानपुर, बेंगलुरु, कटक, जयपुर और भोपाल जैसे शहर इस प्रभाव की चपेट में तेजी से आ रहे हैं। मकानों की सीमेंट की छतें और घनी बस्तियां भी गर्मी को बढ़ाने में योगदान दे रही हैं। एक उपलब्ध आंकड़े के अनुसार, पिछले एक दशक में वार्म नाइट्स यानी गर्म रातों में 32 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2025 में ही फरवरी के अंत तक रात के तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। वर्तमान स्थिति यह है कि देश के 266 जिले अत्यंत गंभीर गर्मी की श्रेणी में, 151 जिले गंभीर श्रेणी में और 201 जिले मध्यम श्रेणी में आ चुके हैं, जो स्थिति की भयावहता को दशार्ता है।

यदि कारणों की बात करें तो भारत में ग्लोबल वार्मिंग केवल प्राकृतिक नहीं, बल्कि मानवीय गतिविधियों का परिणाम है। इसके प्रमुख कारणों में कोयला, पेट्रोल और डीजल जैसे जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, तेजी से बढ़ता शहरीकरण और कंक्रीट का विस्तार, वनों की अंधाधुंध कटाई, बढ़ता औद्योगीकरण और प्रदूषण, परिवहन क्षेत्र का तेजी से विस्तार, विलासितापूर्ण जीवनशैली, कृषि गतिविधियों से उत्सर्जन, कचरा और प्लास्टिक प्रबंधन की समस्या तथा तेजी से बढ़ती जनसंख्या शामिल हैं। स्पष्ट है कि ये सभी कारक मिलकर तापमान वृद्धि को और तेज कर रहे हैं।

हाल फिलहाल, यहां यह कहना गलत नहीं होगा कि ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव आज पूरी दुनिया में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। इसके कारण पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे भीषण गर्मी, अनियमित वर्षा और सूखा जैसी समस्याएँ बढ़ रही हैं। हिमनद तेजी से पिघल रहे हैं, जिसके कारण समुद्र स्तर बढ़ रहा है और तटीय क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा बढ़ता जा रहा है। इसके अलावा, जैव विविधता पर भी गंभीर असर पड़ रहा है, कई प्रजातियाँ विलुप्त होने के कगार पर हैं। मानव स्वास्थ्य, कृषि उत्पादन और जल संसाधनों पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है, जिससे यह एक वैश्विक संकट बन चुका है।

अंततः, यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। इस समस्या को कम करने के लिए सौर और पवन ऊर्जा जैसे स्वच्छ स्त्रोतों को अपनाना, वृक्षारोपण को बढ़ावा देना, वनों की कटाई रोकना, निजी वाहनों के बजाय सार्वजनिक परिवहन या साइकिल का उपयोग करना, बिजली और पानी की बचत करना, प्लास्टिक का सीमित उपयोग करना और कचरे का सही प्रबंधन करना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी उतना ही जरूरी है। सामूहिक प्रयासों से ही इस बढ़ती हुई चुनौती का समाधान संभव है और भविष्य को सुरक्षित बनाया जा सकता है।

महानगर मेट्रो
www.mahanagarmetro.com
अहमदाबाद, (रविवार)
03 मई 2026



## खटीक समाज का सामाजिक संदेश: 51 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में



महानगर मेट्रो ब्यूरो

**टोंक।** सकल पंच खटीक समाज द्वारा आयोजित द्वितीय निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन पीपल पूर्णिमा के पावन अवसर पर गांधी पार्क, टोंक में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में 51 जोड़े हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार परिणय सूत्र में बंधे। विवाह संस्कार पंडित पवनसागर द्वारा विधि-विधान से सम्पन्न कराए गए।कार्यक्रम की शुरुआत किदवई पार्क से भव्य वर-वधु निकासी और कलश यात्रा के साथ हुई। हाथी-घोड़ों के लवाजमे और बैंड-बाजों की मधुर धुनों के बीच यह यात्रा शहर के मुख्य बाजारों से गुजरते हुए गांधी पार्क पहुंची। रास्ते में जगह-जगह नागरिकों ने बारात का स्वागत किया, वहीं सुभाष चौक के पास रोटरी क्लब द्वारा पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया गया।आशीर्वाद समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता ने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन समाज में समानता का संदेश देता है और गरीब-अमीर के भेदभाव को समाप्त करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज के महंगाई भरे दौर में ऐसे आयोजन समय की आवश्यकता बन चुके हैं। साथ ही उन्होंने खटीक समाज द्वारा बाबा साहेब के सपनों को साकार करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।समारोह की अध्यक्षता पंडित राजकुमार शर्मा ने की। उन्होंने इसे सेवा भाव का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए कहा कि जहां सेवा होती है, वहां भगवान का वास होता है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए समाज के सभी सदस्यों को बधाई दी।इस अवसर पर समिति अध्यक्ष गुड्डू खटीक, रमेश राजोरा, सूरज चौहान, प्रभाती चंदेल, कमलेश चौहान, राजेंद्र चावला, मोतीलाल पहाड़िया, विनोद सांखला, डीसी महिंद्रा, विजय चावला, विष्णु चावला, सुमित चावला

## दिल्ली में जनगणना-2027 की शुरुआत, सीएम रेखा गुप्ता-उपराज्यपाल ने की स्व-गणनां रजिस्ट्रेशन

महानगर मेट्रो ब्यूरो



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में जनगणना-2027 के तहत शुक्रवार को स्व-गणना शुरू हो गई और उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू तथा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित कई लोगों ने पहले ही दिन यह प्रक्रिया पूरी कर ली। संधू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह प्रक्रिया दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के सभी वार्डों में आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है और उन्होंने निवासियों से स्व-गणना प्रक्रिया में भाग लेने और जनगणना का समर्थन करने का आग्रह किया। उन्होंने पोस्ट में कहा, 'आपकी भागीदारी हमारे शहर और राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।' उपराज्यपाल ने कहा कि विश्वसनीय डेटा समावेशी शासन और एक मजबूत, विकसित राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण है। ऑनलाइन स्व-गणना पूरी करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रक्रिया सरल और पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने दिल्लीवासियों से स्व-गणना में भाग लेने का आग्रह किया और बताया कि सही जानकारी और आंकड़े जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाने वाली सही नीतियों के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) और दिल्ली कैंट क्षेत्रों में स्व-गणना का कार्य पहले ही पूरा हो चुका है। इन क्षेत्रों में जनगणना कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर घरों की सूची बनाना और आवास संबंधी कार्य जारी हैं। अधिकारियों ने बताया कि एमसीडी वार्डों के सभी निवासी, चाहे वे कहीं के भी मूल निवासी हों, जनगणना पोर्टल पर 'लॉग-इन' कर स्वैच्छिक स्व-गणना में भाग ले सकते हैं। प्रत्येक परिवार के लिए केवल एक लॉग-इन की आवश्यकता होगी

## खाकी हुई शर्मसार! दिल्ली पुलिस का कांस्टेबल निकला 50 लाख की लूट का मास्टरमाइंड, राजस्थान से गिरफ्तार

महानगर मेट्रो ब्यूरो




**नई दिल्ली**. दिल्ली में 50 लाख रुपये की लूट मामले में पुलिस कांस्टेबल समय सिंह मीणा गिरफ्तार हुआ है। आजाद मार्केट अंडरपास के पास वारदात को अंजाम दिया गया था। आरोपी पहले से आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। राजस्थान से गिरफ्तारी हुई। मामले में अन्य आरोपियों को पहले पकड़ा जा चुका है, जबकि बाकी रकम की तलाश जारी है।। दिल्ली पुलिस ने एक बार फिर खाकी को शर्मसार किया है। पुलिस विभाग में तैनात एक कॉन्स्टेबल पर 50 लाख रुपये की लूट का आरोप है। जानकारी के अनुसार, आरोपी समय सिंह मीणा, दिल्ली पुलिस की 5वीं बटालियन में तैनात था। उस पर पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, इसके बावजूद आला अधिकारियों की निष्क्रियता ने एक बार फिर पूरे विभाग पर सवाल खड़े किए हैं।दिल्ली के आजाद मार्केट अंडरपास के पास पिछले महीने 50 लाख रुपये की लूट में संलिप्तता के आरोप में दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल समय सिंह मीणा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उस पर 31 मार्च को लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए अपने साथियों के साथ मिलकर साजिश रचने का आरोप है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, यह घटना तब हुई जब चार लोगों ने आजाद मार्केट अंडरपास के पास एक चलते ऑटो-रिक्शा को रोका और करीब 50 लाख रुपये की नकदी लूट कर फरार हो गए। मामला दर्ज कर तुरंत जांच शुरू की गई।

अन्य आरोपी पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तारदिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, 'मामले में शामिल कई आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था। जांच के दौरान कांस्टेबल की भूमिका सामने आई।' उन्होंने बताया कि सिंह घटना के बाद से ही फरार था




## गुरुग्राम से आए OTT कंपनी के अफसर की Agra के फाइव स्टार होटल में मौत, महिला सहकर्मी के कमरे में बिगड़ी तबीयत

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**आगरा ।** 48 साल के अशोक यादव एक पुरुष और महिला सहकर्मी के साथ ओटीटी नेटवर्क की चोरी की शिकायत करने आगरा आए थे।गुरुग्राम से आगरा आए ओटीटी कंपनी के अधिकारी की फाइव स्टार होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह ताजमहल के पास शिल्पग्राम रोड़ होटल ताज कंवेंशन में ठहरे थे। अपने दो सहकर्मियों के साथ ओटीटी चोरी के मामले की शिकायत करने आगरा आए थे। शुक्रवार शाम उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। पुलिस ने उनके शव को पोस्टमार्टम गृह भेजा है। 48 वर्षीय अशोक यादव शुक्रवार को आगरा की फाइव स्टार होटल ताज कंवेंशन में ठहरे थे। उनके साथ एक महिला और एक पुरुष दो अन्य सहकर्मी थी साथ आए थे। तीनों ने होटल में अलग-अलग कमरे बुक कराए थे। थाना ताजगंज पुलिस ने बताया कि होटल में पर्यटक की तबीयत खराब होने की सूचना मिली थी। होटल कर्मचारी उन्हें एक निजी अस्पताल में लेकर गए थे जहां से उन्हें एसएन मेडिकल कॉलेज में रेफर किया गया। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अशोक यादव के घरवालों को सूचना दे दी गई है। उनकी मंजूरी पर शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। शरीर पर किसी



भी प्रकार की चोट के निशान नहीं है। **एसीपी ताजगंज मयंक तिवारी**

### महिला सहकर्मी के कमरे में बिगड़ी तबीयत

पुलिस पूछताछ में पता चला कि अशोक यादव शाम करीब 7 बजे महिला सहकर्मी के कमरे में गए थे। जहां उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। इसकी जानकारी महिला ने होटल कर्मचारियों को दी और दूसरे सहकर्मी को बुलाया। आनन-फानन अशोक यादव को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में भेजा गया था।

### पुलिस ने सहकर्मियों को होटल में रोका

एसीपी मयंक तिवारी ने बताया कि अशोक यादव ओटीटी नेटवर्क की चोरी की शिकायत करने के लिए आगरा आए थे। वह फिरोजाबाद भी गए थे। पुलिस ने दोनों सहकर्मियों को आगरा ना छोड़ने की हिदायत दी है। दोनों को होटल में रोका गया है। उनके पूछताछ की जा रही है। इसके अलावा परिजन की तहरीर पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## सरकारी योजना में बड़ा फर्जीवाड़ा ACB की कार्रवाई में कोचिंग संस्थान के 9 संचालक गिरफ्तार

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार विरोधी शाखा (एसीबी) ने इस सप्ताह की शुरुआत में चार कोचिंग संस्थानों के नौ सह-मालिकों, निदेशकों और सहयोगियों को कथित तौर पर जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना 2018-19 के तहत सरकारी खजाने से लगभग 37.20 करोड़ रुपये की हेराफेरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह योजना दिल्ली में पूर्व आम आदमी पार्टी (AAP) सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक थी, जिसके तहत अनुसूचित जाति (स्ष्ट), अनुसूचित जनजाति (स्ज्ञ), अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) या आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (श्वङ्खस्) के मेधावी छात्रों को राष्ट्रीय पात्रता-सह-




प्रवेश परीक्षा (NEET) और संयुक्त प्रवेश परीक्षा जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मुफ्त कोचिंग प्रदान की जाती थी। इस योजना के तहत उम्मीदवारों को 2,500 रुपये भी मिलते थे। इसे समाज कल्याण विभाग द्वारा 2018 में शुरू किया गया था। हाशिए पर रहने वाले छात्रों को अवसरों से वंचित करने की कोशिशः अधिकारी अधिकारियों ने कहा कि इस मामले से व्यवस्थागत खामियों और सरकारी लापरवाही का पर्दाफाश होता है, जिससे हाशिए पर रहने वाले छात्रों को मिलने वाले अवसरों से वंचित किया जा रहा है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (एसीबी) विक्रमजीत सिंह ने कहा, 'जांच में व्यापक अनियमितताएं सामने आई, क्योंकि संस्थान निधियों के लिए अलग बैंक खाते रखने के अनिवार्य नियमों का उल्लंघन कर रहे थे।प्रतिपूर्ति के लिए प्रस्तुत छात्रों की सूचियां फर्जी थीं, जिनमें कई संस्थानों में नाम दर्ज थे - पूछताछ किए जाने पर कई छात्रों ने एकाधिक नामांकन से इनकार किया।' अन्य उल्लंघनों में छात्रों को छात्रवृत्ति का वितरण न करना, कोचिंग का काम अयोग्य स्थानीय शिक्षण केंद्रों को आउटसोर्स करना और एफआईआर दर्ज होने के बाद सबूत मिटाने के लिए छात्रवृत्ति को छात्रों के खातों में स्थानांतरित करना शामिल था।

गिरफ्तार किए गए नौ व्यक्तियों की पहचान रविंद्र सिंह जादोन, रविंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन सिविल सर्विसेज (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक, संजीव (गैर-सूचीबद्ध प्रयास इंस्टीट्यूट से, जो रविंद्र इंस्टीट्यूट के लिए काम करता था), आजाद कालेत (गैर-सूचीबद्ध तक्षशिला इंस्टीट्यूट से, जो रविंद्र इंस्टीट्यूट से भी जुड़ा था)।इसके अलावा हर्षित (गैर-सूचीबद्ध मोमेंटम नीट आईआईटी अकादमी से, जो रविंद्र इंस्टीट्यूट से जुड़ा था), नरेंद्र कुमार गुप्ता, तक्षशिला अकादमी (प्राइवेट) लिमिटेड के निदेशक, शंभू शरण, किरण इंस्टीट्यूट ऑफ करियर अचीवमेंट के मालिक, संजय कुमार और जीतेंद्र कुमार (किरण इंस्टीट्यूट ऑफ करियर अचीवमेंट से), कुंवर दिग्विजय सिंह (पहल एनजीओ से, जो किरण इंस्टीट्यूट के लिए भी काम करता था

## ज्ञानवापी में 'गेरुआ' पर संग्राम, मस्जिद की दीवार पर पेंटिंग से मुस्लिम पक्ष खफा, भारी फोर्स तैनात!

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**वाराणसी।** नमाज के बाद बाहर निकले नमाजियों ने भी 'गंगा-जमुनी तहजीब' का हवाला देते हुए कहा कि पुरानी स्थिति के साथ छेड़छाड़ की जरूरत नहीं थी. फिलहाल, इलाके में स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन मामला अब भी गर्माया हुआ है.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया वाराणसी दौरे के दौरान ज्ञानवापी मस्जिद की बैरिकेडिंग से सटी दीवार पर की गई गेरुआ रंग की वारली पेंटिंग ने नया विवाद खड़ा कर दिया है. शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान विरोध की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने ज्ञानवापी और विश्वनाथ मंदिर के गेट नंबर 4 पर भारी पुलिस बल, PAC औरRRFतैनात कर दी थी. हालांकि, नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई, लेकिन मुस्लिम पक्ष ने इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है. दरअसल, 29 अप्रैल को पीएम मोदी के विश्वनाथ धाम आगमन के मद्देनजर, मंदिर के रास्ते और मस्जिद की बैरिकेडिंग से लगी करीब डेढ़-दो फीट ऊंची दीवार को खूबसूरती के लिए गेरुआ रंग से पेंट किया गया था और उस पर



सांस्कृतिक 'वारली' डिजाइन उकेरी गई थी. मुस्लिम समाज और मस्जिद कमेटी का दावा है कि यह दीवार वक्फ की संपत्ति है और उनकी अनुमति के बिना उनके धर्म के विरुद्ध रंग और चित्रकारी की गई है.पीएम मोदी ने अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन सुबह वाराणसी के विश्वनाथ धाम पहुंचकर 55 मिनट गुजारा था. जिस दौरान उन्होंने न केवल बाबा विश्वनाथ का षोडशोपचार तरीके से पूजन किया था और गेट नंबर 4 से मंदिर तक भी वे गुजरे थे. जिसके बीच में ज्ञानवापी मस्जिद भी पड़ता है. उसी मस्जिद की लगभग डेढ-दो फीट ऊंची मस्जिद की बेरिकेडिंग से लगी दीवार को भी खूबसूरती के लिए गेरूआ रंग से पेंट करके उसपर वारली डिजाइन उकेरा गया था.जैसे ही इसकी जानकारी मुस्लिम समाज को हुई वैसे ही आज जुमे की नमाज के दौरान इसपर विरोध जाहिर करने की आशंका होने लगी. फिर क्या था? भारी संख्या में पुलिस, PAC और RRF तैनात कर दी गई. काशी जोन के सभी सर्किल और थानों से भी भारी संख्या में पुलिस टीम आ गई और पुलिस लाइन से भी फोर्स बुला ली गई. लेकिन नमाज खत्म होते ही किसी ने विरोध-प्रदर्शन नहीं किया. लेकिन खास बातचीत के दौरान नमाजियों ने बताया कि जो जैसा था उसे छेड़ने की जरूरत नहीं थी. इससे गंगा-जमुनी तहजीब पर असर पड़ता है. वाराणसी के मुफ्ती-ए-बनारस मौलाना अब्दुल बातिन नोमानी ने बताया कि हमारी जमीन पर गेरूआ रंग लगाया गया और उसमें चित्र भी बनाए गए. जो हमारे लिए आपत्तिजनक है. हमने एक हफ्ते तक लगातार बड़े अधिकारियों से बात किया और हटवाने के लिए भी कहा, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई. आज दुबारा भी लिखित रूप से बड़े अधिकारी से मिलकर हटवाने के लिए कहा गया है. जिसपर आश्वासन दिया गया है. इस मामले में मंडलायुक्त से भी मुलाकात करेंगे और हटाने की भी मांग करेंगे. उन्होंने विरोध के सवाल पर बताया कि मेरी जमीन और मेरा प्लाट है और मेरी प्रापर्टी है. बगैर मस्जिद कमेटी की सहमति और इजाज़त के नया काम नहीं होना चाहिए. उन्होंने साफ किया कि तकरीर में विरोध नहीं, लेकिन लिखित विरोध किया गया अधिकारियों को पत्र देकर. उन्होंने अधिकारियों की दलील कि ये सांस्कृतिक चित्रकारी है पर जवाब दिया कि जो चाहे वे बनाए, लेकिन हमारी जमीन पर नहीं. वहीं DCP काशी गौरव बंसवाल ने बताया कि कोई भी आपत्तिजनक तस्वीर नहीं बनाई गई है. बनाई गई तस्वीरें सांस्कृतिक तस्वीर है न कि आपत्तिजनक. विरोध के एलान पर कार्रवाई भी की जाएगी. उन्होंने बताया कि तस्वीर मस्जिद के दायरे के बाहर बनाई गई है. उन्होंने साफ किया कि सड़क पर उतरकर कोई कानून हाथ में लेगा तो कार्रवाई होगी और अभी भी तस्वीर वही बनी हुई है और ये मंदिर का विषय है. जिसपर मंदिर प्रशासन निर्णय लेगा.

## गाजियाबादः पूजा से लौट रहे लोगों पर हमला, पथराव के बाद हिंसक झड़प... कई हिरासत में

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**गाजियाबाद।** केला भट्टा इलाके में मंदिर से लौट रहे लोगों पर पथराव के बाद तनाव फैल गया. मामूली विवाद हिंसक झड़प में बदल गया, जिसमें महिलाएं सहित कई लोग घायल हुए. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति नियंत्रित की और 10 आरोपियों को हिरासत में लिया है. गाजियाबाद के थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित केला भट्टा इलाके में शुक्रवार को उस समय अचानक तनाव की स्थिति पैदा हो गई, जब छोटा कैला मंदिर से पूजा-अर्चना कर लौट रहे लोगों के समूह पर पथराव कर दिया गया. घटना ने देखते ही देखते सांप्रदायिक रंग ले लिया, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी और भय का माहौल बन गया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई, जो जल्द ही हिंसक झड़प में बदल गई और पथराव शुरू हो गया. इस दौरान महिलाएं समेत कई लोग घायल हो गए, जिन्हें मौके पर पहुंची पुलिस ने



तत्काल चिकित्सा परीक्षण और उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया.घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और भारी पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया. हालात की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों ने तत्काल मोर्चा संभाला और स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास शुरू किए. इसी बीच, कुछ हिंदू संगठनों के लोग भी घटनास्थल पर पहुंच गए और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए विरोध जताया, जिससे तनाव और बढ़ने की आशंका पैदा हो गई. हालांकि, पुलिस ने संयम और तत्परता का परिचय देते हुए हालात को बिगड़ने से रोक लिया.

### पुलिस ने 10 को हिरासत में लिया

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विवाद की जड़ सड़क पर चलने को लेकर हुआ एक मामूली विवाद था. जिसने कुछ ही देर में उग्र रूप ले लिया और हिंसा में बदल गया. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि घटना को लेकर किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी.

डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में 10 आरोपियों को हिरासत में लिया है. उन्होंने कहा कि वर्तमान में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और इलाके में शांति व्यवस्था कायम है. साथ ही, संवेदनशीलता को देखते हुए क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है और पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है. पुलिस का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके.

## आगरा में खेत से तरबूज लेने गए 13 साल के मासूम की गला रेतकर हत्या, निकाल लीं आंखें



महानगर मेट्रो ब्यूरो

**आगरा।** यूपी के आगरा में एक खौफनाक वारदात सामने आई है। एक मासूम की हत्या करने के बाद उसकी आंखें निकल ली गई हैं। पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

### आगरा में बच्चे की हत्या

उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के थाना जगनेर में 13 साल के मासूम अमृत कुशवाह की बेरहमी से हत्या कर दी गई। धारदार हथियार से उसका गला रेता गया और आंखें निकाल लीं। बेटे का शव देखकर परिजन बेसुध हो गए। ग्रामीणों में आक्रोश भड़क उठा। कई घंटे तक शव को उठने नहीं दिया। परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए थे। परिजन से हत्या का शक समुदाय विशेष के लोगों पर लगाया है। हिंदू-मुस्लिम टकराव को देखते हुए गांव में पुलिस फोर्स की तैनाती कर दी है। पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है। जगनेर के गांव रंधीरपुरा में रहने वाले नरेश कुशवाह ने अपना खेत मुस्लिम परिवार को किराए पर दिया था। ये लोग खेत में तरबूज और खरबूज की खेती करते हैं। परिजन ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे उनका बेटा अमृत कुशवाह अपनी बहन से तरबूज लेने की बात कहकर घर से निकला था। जब शाम तक वह लौटकर नहीं आया तो उसकी तलाश शुरू कर दी। घर से कुछ दूरी पर चक रोड पर उसका खून से लथपथ शव पड़ा मिला।

### थैली में रखा था तरबूज

अमृत को खोजते हुए उसकी बहन खेत पर पहुंची थी। वहां उसने अमृत का खून से लथपथ शव पड़ा देखा तो उसकी चीख निकल गई। अमृत के शव के पास एक थैली थी, जिसमें तरबूज रखा था। उसके पास ही खून से सना चाकू भी पड़ा हुआ था। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस शव को उठाने का प्रयास कर रही थी, लेकिन ग्रामीणों में आक्रोश भड़क उठा। परिजन ने खेत किराए पर दिए गए लोगों पर हत्या का आरोप लगाया। आक्रोशित भीड़ पहले उन्हें गिरफ्तार करने की मांग करने लगी। इस दौरान लोगों ने जाम लगा दिया। बमुश्किल पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाया था।

### गांव में है तनावपूर्ण शांति

मासूम अमृत की निर्मम हत्या से हर कोई गमजदा है। परिजन और ग्रामीण मुस्लिम परिवार पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। डीसीपी पश्चिम आदित्य कुमार ने बताया कि कुछ संदिग्ध को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। टकराव की स्थिति को देखते हुए गांव में पुलिस फोर्स तैनात की गई है। गांव में तनावपूर्ण शांति का माहौल है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रामनाथ सिकरवार भी मौके पर पहुंच गए। डीसीपी पश्चिम ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया है। प्रथम दृश्यता में तरबूज तोड़ने का विवाद सामने आया है। हिरासत में लिए लोगों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही इस मामले का खुलासा किया जाएगा।

## बरेली जिले के गांव में फैला करंट, छात्र समेत 2 लोगों की मौत, एक महिला गंभीर झुलसी



महानगर मेट्रो ब्यूरो

**बरेली।** जिले में हाईटेंशन लाइन टूट कर जमीन पर गिर गई, जिससे गांव में करंट फैल गया। करंट की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई।

### बरेली के गांव में फैला करंट

उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के एक गांव में शनिवार सुबह हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से गांव में करंट फैल गया। करंट लगने से छात्र समेत दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई। महिला को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बरेली जिले के अलीगंज थाना क्षेत्र के सूदनपुर गांव में शनिवार सुबह करीब सात बजे गांव से 100 मीटर दूर ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई। हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर एलटी लाइन पर गिर गया, जिसके चलते सूदनपुर गांव के एक मोहल्ले में 11 हजार वोल्टेज का करंट फैल गया। करंट की चपेट में आने से कक्षा 10 के छात्र सुभाष (16) की मौत हो गई। बेटे को बचाने दौड़ी मां सुनीता भी गंभीर रूप से झुलस गई। पड़ोस में रहने वाले कुंवरपाल (24) भी जमीन पर पैर रखते ही करंट की चपेट में आ गए। लोग उनको अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। एक ई-रिक्शा में आग लग गई।

### 5-5 लाख और एक सदस्य को नौकरी मिलेगी

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं, बिजली निगम के अधिकारी भी घटनास्थल पर मौका मुआयना करने पहुंचे। बिजली निगम के मुख्य अभियंता ने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की आर्थिक मदद का आश्वासन दिया। इसके अलावा घायल महिला सुनीता का पूरा खर्च बिजली निगम उठाएगा। साथ ही मृतकों के परिजनों में एक सदस्य को संविदा पर नौकरी मिलेगी। बिजली निगम मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की बात कही है। बरेली जिले के अलीगंज थाना क्षेत्र के सूदनपुर गांव में शनिवार सुबह करीब सात बजे गांव से 100 मीटर दूर ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई। हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर एलटी लाइन पर गिर गया, जिसके चलते सूदनपुर गांव के एक मोहल्ले में 11 हजार वोल्टेज का करंट फैल गया।

करंट की चपेट में आने से कक्षा 10 के छात्र सुभाष (16) की मौत हो गई। बेटे को बचाने दौड़ी मां सुनीता भी गंभीर रूप से झुलस गई। पड़ोस में रहने वाले कुंवरपाल (24) भी जमीन पर पैर रखते ही करंट की चपेट में आ गए। लोग उनको अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। एक ई-रिक्शा में आग लग गई।

उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के एक गांव में शनिवार सुबह हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से गांव में करंट फैल गया। करंट लगने से छात्र समेत दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई। महिला को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## बारात का जश्न मातम में बदला, डीजे पर डांस के बाद युवक की पीट-पीटकर हत्या



महानगर मेट्रो ब्यूरो

**बड़वानी।** मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले के सेंधवा ग्रामीण थाना क्षेत्र में बारात में डीजे पर डांस को लेकर हुए विवाद के बाद एक युवक की हत्या के बाद प्रतिक्रिया स्वरूप कुछ मकान में आग लगा दी गई। आग बुझाने आए फायर टेंडर पर भी पथराव किया गया। घटना के बाद अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। सेंधवा ग्रामीण थाना प्रभारी ओम प्रकाश चोंगडे ने बताया कि बुधवार को ग्राम पिपलिया डेब से एक बारात मालवन गई थी। वहां डीजे पर डांस के दौरान बारातियों के बीच ही विवाद हो गया। शादी समारोह से लौटने के दौरान मिट्ठू जालम व अन्य कुछ लोगों ने ग्राम बाबदड ग्राम के पास मनोज उर्फ मन्ना को पकड़ लिया और घर नहीं जाने दिया।

### सड़क किनारे मिला शव

जब रात को वह नहीं लौटा तो उसकी तलाश आरंभ की गई। वह गंभीर हालत में गुरुवार को कोलखेड़ा फाटे पर सड़क किनारे मिला। उसे तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। उसके पूरे शरीर पर चोटों के कई निशान पाए गए जिससे प्रतीत होता है कि उसे बुरी तरह पीटा गया था। घटना के बारे में पता चलते ही मनोज के परिजन आक्रोशित हो गए और उन्होंने आरोपियों के घरों, पशु बाड़े और अनाज रखने के स्थान पर में आग लगा दी।

### फायर टेंडर पर भी पथराव

जब सेंधवा से फायर टेंडर वहां पहुंचा तो आरोपियों ने उस पर भी पथराव कर दिया। इस बीच पुलिस ने स्थिति को संभाल कर नियंत्रित किया। एक घर पूरी तरह जल गया जबकि शेष स्थानों पर आगजनी पर भी काबू पाया गया। उन्होंने बताया कि हत्या के मामले में मिट्ठू जालम व दो अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। जबकि आगजनी के मामले में करीब एक दर्जन लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। सेंधवा के एसडीओपी अजय वाघमारे ने बताया कि एहतियात के तौर पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है ,और आरोपियों की तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा कि फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

## 'गुरु गुड़ रह गया और चेला... दिग्विजय सिंह ने जीतू पटवारी को लेकर क्यों कहा ऐसा?


महानगर मेट्रो ब्यूरो

**मध्य प्रदेश।** में कांग्रेस के अंदर चल रही खींचतान शुक्रवार को सार्वजनिक रूप से सामने आ गई. भोपाल में कांग्रेस के अनुसूचित विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी और जिला अध्यक्षों की बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर तंज कसते नजर आए. जीतू पटवारी ने भी प्रतिक्रिया में खुद को दिग्विजय सिंह का चेला बता दिया. इस पर दिग्विजय ने कहा, 'गुरु गुड़ रह गया और चेला शक्कर हो गया'. भोपाल स्थित पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक के दौरान दिग्विजय सिंह ने मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक नियुक्तियों पर सवाल उठाए. उन्होंने कहा कि वाल्मीकि समाज और बसोड़ समाज को प्रदेश कांग्रेस में उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिला है. उन्होंने मंच पर बैठे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, 'ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी में आपकी जो पकड़ है, वो हम लोगों की थोड़ी न है. आप जो कहोगे, केसी वेणुगोपाल से लिखवाकर ले आओगे. जितने प्रिय आप वेणुगोपाल के हो, कोई दूसरा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उतना नहीं है.' दिग्विजय? सिंह की इस बात पर बैठक में मौजूद सभी नेता और कार्यकर्ता हंसने लगे. तभी जीतू पटवारी ने कहा, 'सर मैं भी एक बात कहूं... चेला तो आपका ही हूं.' इस पर दिग्विजय ने कहा, 'आप मेरे चेले हो, लेकिन गुरु गुड़ रह गया और चेला शक्कर बन गया.' दोनों नेताओं की इस टीका-टिप्पणी को लेकर बीजेपी ने मध्य प्रदेश कांग्रेस में अंदरुनी कलह का दावा किया है. मध्य प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता दुर्गेश केसवानी ने कहा कि दिग्विजय सिंह कांग्रेस के 'संगठन सृजन' कार्यक्रम का 'विसर्जन' करते नजर आ रहे हैं. केसवानी ने आरोप लगाया कि दिग्विजय सिंह का स्वभाव पहले से ही ऐसा रहा है और कमलनाथ सरकार के समय भी वह सरकार के कामकाज में दखल देते थे. उन्होंने यह भी कहा कि दिग्विजय को इस बात की नाराजगी है कि जीतू पटवारी ने उनके पुत्र जयवर्धन सिंह को जिला अध्यक्ष बनाकर उनका कद कम कर दिया है, जिसके चलते वह लगातार पटवारी पर निशाना साध रहे हैं. बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के भीतर नेतृत्व को लेकर गंभीर खींचतान चल रही है और यह स्थिति गृह युद्ध जैसी है. वहीं मध्य प्रदेश कांग्रेस ने दिग्विजय सिंह और जीतू पटवारी के बीच हुई इस टीका-टिप्पणी को सामान्य करार दिया. कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि मंच पर हुआ यह संवाद दोनों नेताओं के बीच बेहतर तालमेल और मजबूत नेतृत्व को दर्शाता है. उन्होंने बीजेपी को अपने संगठन पर ध्यान देने की सलाह दी. वहीं कार्यक्रम के बाद जब मीडिया ने जीतू पटवारी से दिग्विजय सिंह की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया चाही, तो उन्होंने कुछ भी बोलने से से इनकार कर दिया.



## 35 साल की शादीशुदा महिला को सरकारी अधिकारी से हुआ प्यार, दोनों ने एक लॉज में बनाए संबंध, फिर दी धमकी

महानगर मेट्रो ब्यूरो




**छत्रपति संभाजीनगर।** सोशल मीडिया की वर्चुअल दुनिया में दोस्ती की तलाश करना 35 साल की एक शादीशुदा महिला के लिए बहुत महंगा साबित हुआ है। एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जिसमें एक डिप्टी इंजीनियर ने इंस्टाग्राम पर संपर्क बनाने के बाद प्यार का नाटक करके महिला का बार-बार यौन शोषण किया। शहर की पुलिस ने डिप्टी इंजीनियर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जो कि हिंगोली में तैनात है। इससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। आरोपी डिप्टी इंजीनियर हिंगोली जिले के अखाड़ा बालापुर में ऊपरी पैगंगा प्रोजेक्ट में कार्यरत था। इस मामले में पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, आरोपी डिप्टी इंजीनियर की पहली जान-पहचान जुलाई 2025 में इंस्टाग्राम के जरिए पीड़िता से हुई थी। उनकी बातचीत धीरे-धीरे एक करीबी रिश्ते में बदल गई। इसके बाद आरोपी ने प्यार का नाटक किया और शादी के झूठे वादे करके पीड़िता को फंसाया। 16 जुलाई को आरोपी ने पीड़िता को कॉफी पीने के बहाने बाहर बुलाया और अपनी लग्जरी कार में घुमाने ले गया। फिर वह उसे छत्रपति संभाजीनगर शहर के अलग-अलग होटलों में ले गया और उसकी मर्जी के खिलाफ उसके साथ यौन संबंध बनाए। व्हाट्सएप चैट के आधार पर पति को धमकियां जब पीड़िता ने उससे शादी का वादा पूरा करने के लिए दबाव डालना शुरू किया, तो आरोपी ने अपना असली रंग दिखा दिया। उसने पीड़िता के पति को उनकी निजी व्हाट्सएप बातचीत भेजने की धमकी दी।

# चिलचिलाती गर्मी में 150 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ी नाबालिग, प्रेमी की सगाई से थी नाराज

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**खरगोन।** मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां 15 वर्षीय नाबालिग लड़की अपने प्रेमी की कहीं और सगाई होने से नाराज होकर 150 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गई. इस घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और प्रशासनिक अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए. यह घटना खरगोन जिला मुख्यालय से करीब 80 किलोमीटर दूर बड़वाह थाना क्षेत्र के कटघड़ा गांव की है. भीषण गर्मी के बीच दोपहर के समय अचानक गांव की एक नाबालिग लड़की मोबाइल टावर पर चढ़ गई. देखते ही देखते यह मामला पूरे गांव में फैल गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए. लड़की के टावर पर चढ़ने के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई. नीचे लोगों की भीड़ जमा हो गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था. सूचना मिलते ही बड़वाह एसडीएम सत्यनारायण दर्रा और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया. अधिकारियों ने काफी देर तक लड़की को समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नीचे उतरने को तैयार नहीं हुई. करीब तीन घंटे तक यह हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा. तेज गर्मी और ऊंचाई पर लड़की के फंसे रहने से सन की चिंता और बढ़ गई.



### प्रेम प्रसंग और मानसिक तनाव का मामला आया सामने

स्थिति गंभीर होती देख लड़की के जीजा और टावर कंपनी के एक कर्मचारी ने जान जोखिम में डालकर टावर पर चढ़ने का फैसला किया. दोनों ने लगभग एक घंटे तक ऊपर लड़की को समझाया. समझाइश के बाद आखिरकार लड़की नीचे उतरने के लिए तैयार हुई. नीचे उतरने के बाद लड़की को सुरक्षित तरीके से प्रशासन के हवाले किया गया. पुलिस और प्रशासन ने तुरंत उसे मेडिकल और काउंसलिंग के लिए भेज दिया. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि लड़की गांव के ही एक वयस्क युवक से प्रेम करती है. कुछ दिन पहले युवक की सगाई कहीं और तय हो गइ थी, जिससे लड़की बेहद आहत थी. इसी कारण वह मानसिक रूप से परेशान थी और गुस्से में यह कदम उठा लिया. स्थानीय लोगों के अनुसार, लड़की ने पहले भी आत्महत्या की कोशिश की थी और उसने जहर खाकर जान देने का प्रयास किया था. इस घटना ने प्रशासन की चिंता और बढ़ा दी है. घटना के दौरान लड़की ने अपने प्रेम को बुलाने की भी मांग की थी. युवक मौके पर पहुंचा भी, लेकिन उसके बाद वहां स्थिति बिगड़ गई और परिजनों ने उसे पीट दिया, जिसके बाद उसे वहां से हटा दिया गया. ग्राम सरपंच रामेश्वर चौहान ने बताया कि लड़की अब सुरक्षित है और उसे काउंसलिंग के लिए भेजा गया है. उन्होंने कहा कि यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है और मानसिक तनाव का परिणाम है. प्रशासन ने लड़की को काउंसलिंग के लिए भेजा, जांच जार एसडीएम बड़वाह सत्यनारायण दर्रा ने बताया कि लड़की को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया है और उसका काउंसलिंग प्रोसेस शुरू कर दिया गया है. प्रशासन का प्रयास है कि उसे मानसिक रूप से मजबूत बनाया जाए और ऐसी स्थिति दोबारा न बने. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और लड़की की काउंसलिंग जारी है. यह घटना गांव में चर्चा का विषय बनी हुई है और लोगों में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं.

## पुणे में खौफनाक कांडः 4 साल की बच्ची से 65 साल के बुजुर्ग ने किया रेप, फिर पत्थर से कुचलकर मार डाला

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**पुणे।** जिले के भोर तहसील से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां चार साल की मासूम के साथ रेप किया गया, फिर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई. बच्ची अपनी नानी के यहां छुट्टियां बिताने आई थी. इस घटना के बाद इलाके में आक्रोश फैल गया. लोगों ने मामले को लेकर सख्त कार्रवाई की मांग की है. वहीं पुलिस ने संदिग्ध आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक, मासूम बच्ची गर्मी की छुट्टियों में अपनी नानी के घर आई हुई थी. शनिवार को वह घर के बाहर खेल रही थी. इसी दौरान 65 साल का भीमराव कांबले उसे बहला-फुसलाकर अपने घर के सामने स्थित पशुओं के तबेले में ले गया. आरोप है कि वहां उसने बच्ची के साथ हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं. पहले रेप की वारदात को अंजाम दिया, मासूम की पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी. इसके बाद उसने शव को तबेले में पड़े गाय के गोबर के ढेर के नीचे छिपा दिया, ताकि किसी को शक न हो. जब काफी देर तक बच्ची घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की. गांवभर में खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला, तो परिवार की चिंता बढ़ गई. इसी बीच, तबेले में खोजबीन के दौरान बच्ची का शव बरामद हुआ. यह दृश्य देखकर परिजन चीख पड़े और घर में मातम पसर गया. गांव के लोग सन्न रह गए. घटना की सूचना पुलिस को दी गई. पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और जायजा लिया. इसी के साथ आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, जिसमें आरोपी बच्ची को तबेले की ओर ले जाता हुआ दिखाई दिया. इसके बाद पुलिस ने तत्काल भीमराव कांबले को हिरासत में ले लिया. फिलहाल उससे गहन पूछताछ की जा रही है. इस खौफनाक वारदात के बाद पूरे गांव में आक्रोश फैल गया. सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग करने लगे. गांव वाले काफी गुस्से में हैं. उनका कहना है कि जब तक आरोपी हमें नहीं सौंपा जाता, लाश नहीं लेने देंगे. गांव वालों ने तबेले के सामने कैंप लगा लिया है. पुलिस प्रशासन लोगों से बात कर रहा है, लेकिन लोग अपनी मांगों पर अड़े हैं. हालात को कंट्रोल करने के लिए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है. गुस्साई भीड़ ने मुंबई-बेंगलुरु हाइवे पर चक्का जाम कर दिया, जिससे वाहनों की कतारें लग गईं. पुणे ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक संदीपसिंह गिल ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को शांत किया और लोगों को भरोसा दिलाया कि इस मामले में 15 दिनों के भीतर चार्जशीट दाखिल कर दी जाएगी.



## जंगल से निकलकर सड़क पार कर रहा था तेंदुआ, वाहन ने मार दी जोरदार टक्कर, मौके पर हो गई मौत

महाराष्ट्र के कल्याण-मुरबाड हाइवे पर एक तेंदुए की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई. तेंदुआ रात के समय सड़क पार कर रहा था, उसी दौरान ये घटना हुई. जानकारी मिलते ही वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे. मृत तेंदुए का पंचनामा कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है. इसी के साथ संबंधित वाहन चालक की तलाश की जा रही है महाराष्ट्र के कल्याण-मुरबाड हाइवे पर दर्दनाक घटना सामने आई है. यहां बाप सई गांव के पास एक तेंदुए की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई. इस घटना के बाद एक बार फिर वन्यजीवों की सुरक्षा और हाइवे पर उनकी आवाजाही को लेकर सवाल उठ रहे हैं. हादसा देर रात उस समय हुआ, जब तेंदुआ जंगल से निकलकर सड़क पार करने की कोशिश कर रहा था. इसी दौरान तेज रफ्तार एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि तेंदुए की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद वाहन चालक बिना रुके मौके से फरार हो गया. सुबह स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे तेंदुए का शव देखा और तुरंत वन विभाग को सूचना दी. सूचना मिलते ही अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे. उन्होंने मृत तेंदुए का पंचनामा किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. अधिकारियों ने कहा कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और सीसीटीवी कैमरों की मदद से टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है. घटना के बाद मृत तेंदुए का वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं. नागरिकों में भी नाराजगी है. लोगों का कहना है कि जंगल से सटे हाइवे पर अक्सर वन्यजीव सड़क पार करते हैं, लेकिन तेज रफ्तार वाहनों के कारण उनके लिए यह जानलेवा साबित हो रहा है.स्थानीय नागरिकों और वन्यजीव प्रेमियों ने मांग की है कि ऐसे संवेदनशील इलाकों में वाहनों की गति सीमा सख्ती से लागू की जाए, ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके. वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि यह क्षेत्र में आसपास के जंगलों में तेंदुए मौजूद हैं, जो भोजन और पानी की तलाश में अक्सर सड़क पार करते हैं. ऐसे में वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है. फिलहाल वन विभाग अज्ञात वाहन की तलाश में जुटा हुआ है और मामले की विस्तृत जांच जारी है.



## गांव में करें अंतिम संस्कार... मां-बेटी ने फांसी लगाकर दी जान, दामाद जांच के घेरे में

महानगर मेट्रो ब्यूरो

